


BALRAJ GOEL

ROHIT GOEL

OUR NAME CARRIES WEIGHT

www.revacranes.com
Phone:+91-1294185403

MANUFACTURERS OF DOUBLE GIRDER EOT CRANES UPTO 250T, SINGLE GIRDER EOT CRANES, UNDERSLUNG EOT CRANES, ELECTRIC WIRE ROPE HOISTS, JIB CRANES, GOLIATH CRANES




sarees from different states and regions of India is a testament to the country's cultural richness and artistic mastery. As we celebrate the 76th Independence Day, the saree stands as a symbol of India's unity, reflecting the tapestry of traditions, beliefs, and history that binds


**IMMEDIATE SALE**


**APPROX. 10 ACRE OF PLOT AT PRIME LOCATION IN CENTRE OF SONEPAT CITY**

Surplus industrial land measuring about 10 acres in the heart of Sonepat city is available for sale subject to requisite clearances & compliances. For further details please contact:

npsrana@atlascycles.co.in

Mr. N.P. Singh Rana : 9654592900

**FARMHOUSE**
South Delhi
1-5 acre Western Green
Rajokri, Brijwasan
Chhatarpur, Dera Mandi
Gurgaon : Residential
Commercial, Industrial
Warehouse, Hotel,Resort
Banquet, School College
University Land 1-20 acre
Delhi.Haryana.Rajasthan
Sale/ Purchase/ Rented Property
Cont. 9810308343



महान वीरांगना, महादेव की अनन्य भक्त, महारानी अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण नमन।

—— नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री



मणिपुर में लगातार हिंसा परेशान करने वाली, तुरंत रोकने की जरूरत।

—— राहुल गांधी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष

नई दिल्ली। सोमवार ● 14 अगस्त ● 2023 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

# राजधानी में कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

राजधानी में रविवार को जगह जगह तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को अपने लोकसभा क्षेत्र के नवीन शाहदरा एवं उत्तर पूर्वी-जिला में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा दोपहर दो बजे नवीन शाहदरा जिला कार्यालय वेस्ट ज्योति नगर से शुरू होकर दुर्गापुरी चौक, गगन सिनेमा, लोनी गोल चक्कर, यमुना विहार, भजनपुरा होते हुए सिग्नेचर ब्रिज पर समाप्त हुई।

■ शहीदों ने बलिदान देकर गुलामी से भारत मां को मुक्त कराया : तिवारी

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि तिरंगा न सिर्फ हमारे देश की पहचान है, बल्कि राष्ट्रध्वज के रूप में देश को आजाद कराने के लिए सैकड़ों वीर अमर शहीदों एवं लाखों गुमनाम शहीदों की प्रेरणा का मुख्य बिंदु भी रहा है। इससे प्रेरित होकर हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर वीर शहीदों ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन चलाया और जीवन का सर्वोच्च बलिदान देकर अंग्रेजों की गुलामी से देश और भारत मां को मुक्त कराया।

बाहरी रिंग रोड, विकासपुरी में आर्यसमाज द्वारा में सांसद प्रवेश वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई । प्रवेश वर्मा ने कहा आर्य समाज देश की एकता- अखंडता के लिए सदैव समर्पित रहा है। आजादी में महर्षि दयानंद व उनके प्रचारकों की मुख्य भूमिका रही, आज देश को तोड़ने में जो शक्तियां जुटी हैं, उनके विरुद्ध संघर्ष किया जाएगा ।

उधर सहयोग संस्था के अध्यक्ष व मनोनीत निगम पार्षद मनोज कुमार जैन तथा दरियागंज आरडब्ल्यूए के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मोदी सरकार के आह्वान पर दरियागंज में हर हर तिरंगा हर घर तिरंगा के तहत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने कहा सीमा पर सैनिक रक्षा करेंगे तो देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबको तैयार रहना होगा। सभा प्रधान धर्मपाल आर्य, आर्य केंद्रीय सभा दिल्ली के महासचिव सतीश चड्ढा, व आर्य विद्वानों के निर्देशन में सैकड़ों युवाओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाते हुए भागीदारी की।



शुक्रवार को 'हर घर तिरंगा' बाइक रैली में भाग लेतीं केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : एसएनबी

# छात्र अब चार साल में कर सकेंगे बीए और बीएड

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

**डीयू एडमिशन 2023-24**

■ विवि में अभी बीए और बीएड करने में लगते है पांच साल

■ नए सत्र से चार साल का बीए बीएड एकीकृत कोर्स में होगा दाखिला

■ अभी डीयू में दो साल का चल रहा बीएड कोर्स, सीयूईटी से होते है दाखिले

■ अब नए चार साल के कोर्स का एंट्रेंस अलग होगा, एनटीए से ही होगी परीक्षा

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नए सत्र से छात्र अब चार साल में बीए और बीएड की पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। अभी डीयू में बीए और बीएड करने में पांच साल लग जाते है। इसमें तीन साल तो बीए के और दो साल बीएड करने में लगते है। डीयू द्वारा शुरू किए जा रहे एकीकृत बीए-बीएड कोर्स चार साल का होगा। इसमें दाखिले के लिए नेशनल टेस्ट एजेंसी (एनटीए) द्वारा ही अलग प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके स्कोर्स से इस कोर्स में छात्रों को दाखिला मिलेगा। डीयू के कुलपति प्रो योगेश सिंह ने बताया कि ये नया कोर्स इसी साल से शुरू होंगे।

डीयू द्वारा पहले से दो साल का बीएड तीन कॉलेजों और डीयू के खुद के संस्थान सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (सीआईई) में चलाया जाता है। इन तीन कॉलेजों में लेडी इरविन कॉलेज, महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन और श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज शामिल है। नए शुरू हो रहे चार साल के बीए-बीएड कोर्स तीन कॉलेजों में चलाए जाएंगे। डीयू के कुलपति ने बताया कि इस नए कोर्स को विद्वत परिषद में स्वीकृति मिल गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इंटीग्रेटड टीचर एजुकेशन प्रोगाम को लाया जा रहा है। इन कोर्स को तीन कॉलेजों में चलाने के लिए नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) से भी स्वीकृति मिल गई है। जिन कॉलेजों में ये चार साल के बीए-बीएड उनमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, माता सुंदरी कॉलेज और जीसस एंड मेरी कॉलेज शामिल है।

माता सुंदरी कॉलेज में बीए-बीएड (मिडिल) और बीए-बीएड (सेकेंडरी) कोर्सेज चलेंगे। इन दोनो में 50-50 सीटें होंगी। इसी प्रकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज और जीसस एंड मेरी कॉलेज बीए-बीएड (सेकेंडरी) कोर्सेज ही चलेंगे। इनमे 50-50 सीटें होंगी। इन तीन कॉलेजों में इन कोर्सेज की सीटें कॉलेज की मौजूदा सीटों से अतिरिक्त सीटों में शुमार होंगी। अभी डीयू में चलाए जा रहे दो साल के बीएड कोर्स की सीटों की बात करें तो सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (सीआईई) में 125, लेडी इरविन कॉलेज में 125, महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 125 और श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में 63 सीटों पर दाखिला होता है। इस प्रकार डीयू में दो साल के बीएड कोर्स में 438 सीटों पर दाखिला होता है।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर डीयू में लगेगी प्रदर्शनी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 14 अगस्त को डीयू के कांफ्रेंस सेंटर में प्रदर्शनी लगेगी। उल्लेखनीय है कि डीयू ने स्वतंत्रता और विभाजन अध्ययन केंद्र की स्थापना की घोषणा भी की गई है।

डीयू के दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने बताया कि यह केंद्र डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता और संरक्षण में कार्य करेगा। प्रो. सिंह ने बताया कि यह केंद्र स्वतंत्रता संग्राम और उसके परिणाम के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए काम करेगा।

उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका से उपजी गंभीर मानवीय त्रासदी, दर्द, घाटे, अस्तित्व की गंभीरता और अंततः विजय जैसे असंख्य तथ्य, उपाख्यान, कहानियां और यादें है जो इस केंद्र द्वारा अध्ययनों से प्रकाश में आएंगे। यह केंद्र समर्पित अभिलेखीय स्रोतों और मौखिक इतिहास के माध्यम से अनुसंधान और सीखने को प्रोत्साहित करने का एक यथार्थ शैक्षणिक प्रयास है।

# तिरंगा बन रहा रोजी रोटी का साधन

■ अमित कुमार

नई दिल्ली। एसएनबी

■ देश भक्ति का इजहार करने के लिए लोग खरीद रहे हैं तिरंगा

■ सड़कों के किनारे तिरंगा बेच कर लोग भर रहे हैं अपने परिवार का पेट

तिरंगा कोई प्रोडक्ट्स तो नहीं है, पर बड़ी संख्या में लोगों को कुछ समय के लिए रोजी रोटी का साधन बन जाता है। इन दिनों सड़कों के किनारे भारी संख्या में तिरंगा बिक रहा है और लोग इसे बड़ी संख्या में खरीद भी रहे हैं। आईटीओ से लक्ष्मी नगर की ओर जाने वाले रास्ते पर बड़ी संख्या में तिरंगा झंडा बिक रहा है। तिरंगा बेचने वालों की माने तो तिरंगा इन दिनों उनका पेट भर रहा है। उनके मुताबिक वह तिरंगे की बदौलत भर पेट खाना खा रहे हैं। ऐसा हर बार 15 अगस्त से पहले और 26 जनवरी से पहले होता है।

सड़कों के किनारे तिरंगा बेचने वालों के मुताबिक वह पढ़ लिखे तो नहीं है, फिर भी उन्हें पता है कि यह तिरंगा आजादी का प्रतीक है और यह देश भक्ति की भावना जगाता है। मदर डेयरी के पास झुग्गियों में रहने वाले राहुल कई सालों से 15 अगस्त और 26 जनवरी के मौके पर तिरंगा बेचते हैं। इस बार भी बेच रहे हैं। उनकी माने तो इस कारोबार में महज एक सप्ताह तक पैसा इनवेस्ट करना होता है। एक सप्ताह में ही अच्छी खासी आमदनी हो जाती है। राहुल की तरह तारिक भी तिरंगा बेच रहा है। उसने बताया कि सदर बाजार से वह तिरंगा लेकर आता है और गाजीपुर से बांस खरीदकार उसका डंडा बनाकर तिरंगा तैयार करता है। लोग वाहनों पर या अपने घरों पर लगाने के लिए तिरंगा खरीदते हैं। लक्ष्मी नगर चौराहे पर टेबुल पर रखने वाला तिरंगा बेचने वाले बबलू के मुताबिक यह तिरंगा उसके और उसके परिवार का पेट भर रहा है। वह हर दिन 50 से ऊपर कार के अंदर और टेबुल पर रखने वाला तिरंगा बेच देते है।

इन सभी ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से वह तिरंगा बेच रहे हैं, लेकिन पिछले दो तीन दिन से कारोबार ने रफ्तार पकड़ी है। इन लोगों का मानना है कि सोमवार व मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के दिन सबसे ज्यादा तिरंगा बिकेगा। बड़े डेंडे वाला तिरंगा लोग बाइक और कार के बाहर भी बांध कर देश भक्ति का इजहार कर रहे हैं। इन लोगों का मानना है कि तिरंगा कुछ समय के लिए ही सही उनके पेट भरने का एक जरिया जरूर बन गया है।

## आज से मंगलवार दोपहर दो बजे तक बंद रहेगी मेट्रो पार्किंग



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने बताया सुरक्षा के मद्दे नजर सोमवार सुबह छह बजे से मंगलवार दोपहर दो बजे तक मेट्रो स्टेशनों की पार्किंग बंद रहेगी। वहीं दूसरी ओर 15 अगस्त को मेट्रो ट्रेन सेवाएं सभी टर्मिनल स्टेशनों से सुबह 5 बजे शुरू होंगी। सुबह 6 बजे तक सभी लाइनों पर 30 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलेंगी। सुबह 6 बजे के बाद पूरे दिन मेट्रो ट्रेनें सामान्य समय सारिणी के अनुसार चलेंगी। 14 अगस्त को सुबह 6 बजे से 15 अगस्त को दोपहर 2 बजे तक मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

■ मंगलवार को मेट्रो ट्रेनें सभी टर्मिनल स्टेशनों से सुबह पांच बजे होगी शुरू

# एम्स में ग्रीवांस रिअड्रेसल सिस्टम को मजबूत करेगा आईपी विवि

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

■ एमओयू पर आईपी विवि की कुलसचिव और एम्स की डीन ने किए हस्ताक्षर

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी ने एम्स, दिल्ली के पेशेंट ग्रीवांस रिअड्रेसल सिस्टम को सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया है। इस आशय का एक एमओयू आईपी यूनिवर्सिटी और एम्स दिल्ली के बीच किया गया है। इस एमओयू पर आईपी यूनिवर्सिटी की ओर से कुलसचिव सुनीता शिवा और एम्स, दिल्ली की ओर से इसकी डीन (एकेडेमिक) प्रो. मीनू बाजपेयी ने हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा और एम्स दिल्ली के निदेशक प्रो. एम श्रीनिवास उपस्थित थे।

इस एमओयू के तहत आईपी यूनिवर्सिटी एम्स दिल्ली के लिए यूजर फीडबैक से संबंधित एक वेब एप्लिकेशन डेवलप करेगी। यह यूजर फीडबैक सिक्योरिटी, सैनीटेशन जैसे एरिया पर विशेष फोकस करेगी। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सर्वप्रथम इसे मदर एंड चाइल्ड केयर वार्ड में शुरू किया जाएगा। बाद में इसे अन्य वार्ड में भी शुरू किया जाएगा। आईपी यूनिवर्सिटी का यह सहयोग पूरी तरह निशुल्क होगा।

इस वेब एप्लिकेशन को आईपी यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स की एक टीम ने डेवेलप कर रही है। यहां पर एआई, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स की उच्च स्तर के शिक्षण- प्रशिक्षण की विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस एमओयू पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रो. वर्मा ने कहा कि आज समय तकनीक के सटीक अनुप्रयोग का है। अगर हमारी तकनीक से लाखों लोगों की मुश्किलें आसान होती हैं तो तकनीक का इससे अच्छा सदुपयोग और क्या हो सकता है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## महत्वपूर्ण सूचना

15 अगस्त, 2023 को लाल किला में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह–2023 के कारण प्रातः 06:45 बजे से प्रातः 09:00 बजे तक 2 घंटे 15 मिनट के लिए दिल्ली जं. एवं दिल्ली शाहदरा के मध्य रेल यातायात अस्थायी तौर पर बंद रहेगा। इसके परिणास्वरूप निम्नलिखित रेलगाड़ियां निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी:–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | निरस्तीकरण की तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04413 / 04447 गाजियाबाद–दिल्ली विशेष एक्सप्रेस | 15.08.2023 |
| 04486/04940 दिल्ली–गाजियाबाद विशेष एक्सप्रेस | 15.08.2023 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 04091 खुर्जा–शकूरबस्ती विशेष एक्सप्रेस | वाया साहिबाबाद–तिलक ब्रिज–नई दिल्ली–दिल्ली किशनगंज | 15.08.2023 |
| 04339 बुलंदशहर–तिलक ब्रिज विशेष एक्सप्रेस | वाया साहिबाबाद–तिलक ब्रिज | 15.08.2023 |

**समारोह समापन तक पुनर्निर्धारित/विनियमित (रोककर चलाई जाने वाली) रेलगाड़ियां**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन जहां पर रेलगाड़ी पुनर्निर्धारित/विनियमित रहेगी |
|---|---|
| 12038 दिल्ली जं.–कोटद्वार सिद्धबली जनशताब्दी | समारोह समापन के बाद 09:00 बजे चलेगी |
| 15484 दिल्ली जं.–अलीपुरद्वार सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस | समारोह समापन के बाद 08:50 बजे चलेगी |
| 18102 जम्मूतवी–टाटानगर एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर रोकी जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 15910 लालगढ़–डिब्रुगढ़ अवध असम एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर रोकी जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 04946 दिल्ली–गाजियाबाद विशेष एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर रोकी जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 04404 सहारनपुर–दिल्ली विशेष एक्सप्रेस | गाजियाबाद–दिल्ली शाहदरा के बीच रोकी जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 12225 आजमगढ़–दिल्ली जं. कैफियत एक्सप्रेस | दिनांक 14.08.2023 को आजमगढ़ से 90 मिनट देरी से चलेगी |
| 14042 देहरादून–दिल्ली मसूरी एक्सप्रेस | दिनांक 14.08.2023 को देहरादून से 70 मिनट देरी से चलेगी |

**15 अगस्त, 2023 को रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशन के बीच निरस्त |
|---|---|---|
| 04401 दिल्ली–शामली–सहारनपुर विशेष एक्सप्रेस | शामली पर | शामली–सहारनपुर |
| 04402 सहारनपुर–शामली–दिल्ली विशेष एक्सप्रेस | शामली से | सहारनपुर–शामली |
| 04288 दिल्ली–अलीगढ़ विशेष एक्सप्रेस | गाजियाबाद पर | दिल्ली–गाजियाबाद |
| 01622 सहारनपुर–शामली–दिल्ली विशेष | दिल्ली शाहदरा पर/से | दिल्ली शाहदरा–दिल्ली |
| 01617 दिल्ली–शामली विशेष एक्सप्रेस | दिल्ली शाहदरा से | दिल्ली–दिल्ली शाहदरा |
| 04931 अलीगढ़–दिल्ली विशेष एक्सप्रेस | गाजियाबाद से | गाजियाबाद–दिल्ली |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय 2515/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें



**IMMEDIATE SALE**

**APPROX. 10 ACRE OF PLOT AT PRIME LOCATION IN CENTRE OF SONEPAT CITY**

Surplus industrial land measuring about 10 acres in the heart of Sonepat city is available for sale subject to requisite clearances & compliances. For further details please contact :

npsrana@atlascycles.co.in

Mr. N.P. Singh Rana

9654592900


## पुलिस ने जारी किया यातायात परामर्श

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय राजधानी में वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात परामर्श जारी किया है। परामर्श के मुताबिक लाल किला के आसपास के रास्ते आम जनता के लिए सुबह तड़के चार बजे से लेकर पूर्वाह्न 10 बजे तक बंद रहेंगे। प्रधानमंत्री 15 अगस्त को लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करेंगे।


## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 65 साल, कद: 5'6", रंग: सांवला, पहनावा: सफेद रंग की चेकदार शर्ट और स्लेटी रंग की लोवर व नंगे पैर है । जो दिनांक 11.08.2023 को गगन सिनेमा पार्क के पास, नंद नगरी पुलिस थाना, दिल्ली में बेहोशी की हालत में मिला। जिसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती किया गया । जिसे इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित किया गया । इसके मृत शरीर को पहचान के लिए जीटीबी अस्पताल मोर्चरी, दिल्ली में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है । इस संदर्भ में डीडी संख्या. 64A दिनांक 11.08.2023 को पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली में दर्ज है ।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

थानाध्यक्ष

पुलिस नंद नगरी, दिल्ली

DP/9116/NE/2023 Ph. : 011-22583307, 22585985, 8750870733

## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: 60 साल, कद: 5'6", रंग: गेहुँआ, शरीर:पतला, चेहरा: लम्बा, पहनावा: नेवी ब्लू रंग की टी-शर्ट और शॉर्ट्स व छोटी सफेद दाढ़ी है। जो दिनांक 10.08.2023 को पटरी, काली माता मंदिर के पास, डीडीयू मार्ग, दिल्ली में मृत मिला। इसके मृत शरीर को पहचान के लिए एमएएमसी अस्पताल मोर्चरी, दिल्ली में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है । इस संदर्भ में डीडी संख्या. 42A दिनांक 10.08.2023 को पुलिस थाना कमला मार्केट, दिल्ली में दर्ज है ।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।


थानाध्यक्ष

पुलिस थाना कमला मार्केट, दिल्ली

DP/9107/CD/2023 Ph. : 011-23230623, 23233743


# मिठाई क्यूं, टमाटर दीजिए गिफ्ट में

**ऑफ द रिकॉर्ड**



पिछले दिनों एक कार्यक्रम में गेस्ट को गिफ्ट देने के लिए मिठाई का डिब्बा रखा था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब लोग लौटने लगे तो आयोजकों की ओर से मिठाई का डिब्बा दिया जाने लगा। इस पर एक महिला ने कहा कि भाई साहब गिफ्ट में मिठाई की जगह टमाटर दे देते। वैसे भी शुगर की वजह से मिठाई तो मै खा नहीं पाउंगी, बच्चे खाएंगे। अच्छा होता आप टमाटर गिफ्ट में रख लेते। इस पर वहां मौजूद लोगों की हंसी छूट गई। इस पर लोगों ने उस महिला की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि हां! अब आगे से जो कार्यक्रम होगा उसमें टमाटर ही गिफ्ट में रखा जाएगा।

**मुझे लगा भैंस गई पानी में :** एक क्लस्टर बस अपने रूट पर नियम का पालन करते हुए चल रही थी। जैसे ही बस रेड लाइट चौक पर पहुंची तो ग्रीन लाइट हो रही थी तो उसने चौक पार कर दिया। इस बीच ट्रैफिककर्मी ने बस को हाथ दे दिया और कहा कि साइड लगा लो। जैसे ही बस साइड में लगी तो ट्रैफिक कर्मी ने ड्राइवर को कुछ नहीं कहा। बस रुकने के बाद ट्रैफिक कर्मी कंडक्टर के पास पहुंचा और उसने कंडक्टर से चालान काटने वाली मशीन के लिए पेपर रोल मांगने लगा। इस पर कंडक्टर ने पुलिसकर्मी को पेपर रोल दे दिया। इसके बाद उसने बस जाने को कह दिया। जैसे ही बस चली, ड्राइवर की जान में जान आई। बस चलने पर ड्राइवर कंडक्टर से कहने लगा, भाई, मुझे तो लगा कि आज तो गई भैंस पानी में। जब ट्रैफिक कर्मी ने हाथ दिया है तो कुछ न कुछ कमी निकालकर चालान कटना पक्का है। ड्राइवर की यह बात सुनकर बस में मौजूद यात्री मुस्कराने लगे।

**भाई फिर से कानून पढ़ना पड़ेगा :** केंद्र सरकार ने आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य कानून में बड़े स्तर पर बदलाव का फैसला किया है। यह बदलाव कानून के क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। वकील कहने लगे हैं कि अब तो उन्हें फिर से कानून पढ़ना पड़ेगा, वहीं दूसरा पक्ष कहता है कि पहले पूरी तौर पर तो कानून आ जाने दो। वकीलों ने कहा कि उस बदलाव को लेकर कानून के क्षेत्र में वकीलों के बीच उन कानूनों के लागू होने से आरोपियों पर तो कोई खास असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि अगर वे दोषी ठहराए गए तो सजा कम या ज्यादा हो सकती है, लेकिन उनके केस लड़ने वाले वकीलों को फिर से छात्र बनना पड़ेगा। वैसे कहा जाता है कि पत्रकार, वकील, डाक्टर व शिक्षक हमेशा अध्ययनरत रहते हैं। पर कानून से रोजी-रोटी कमाने वाले वकील नए वकीलों की तरह ही हो जाएंगे, भले उन्हें अपने अनुभव का कुछ फायदा मिल जाए। अब वे भी कानून के छात्रों की तरह फिर से मुख्य कानून को पढ़ेंगे और वकालत करेंगे।

**मैडम मुझमें लक्षण तो कोविड जैसे ही हैं :** कोविड-19 यू टर्न संबंधी चर्चा से ही आम हो या खास सभी के जहन में कोरोना का खौफ सिर चढ़ कर बोलने लगता है। हिम्मत कर कोविड की तीव्रता के लिए स्ट्रेट्जी तैयार करने के लिए स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशालय ने विभिन्न अस्पतालों के प्रमुखों की इमरजेंसी बैठक बुलाई। बैठक की चेयरपर्सन ने डाक्टर से पूछा कि कितने लोगों को कोविड पॉजिटिव हुए थे, वे कितने समय में स्वस्थ हुए, बूस्टर डोज कितने लोगों ने ली है। कितनों ने अपने साथी को खोया है..मैडम आगे अपनी बात और जारी रखती इस बीच बैठक में शिरकत कर रहे कई डाक्टर खड़े हो गए। जब उनसे इसकी वजह पूछी गई तब उन्होंने कहा कि मैंडम हमें क्षमा करना, लगता है हमें हल्की ठंड के साथ फीवर आ रहा है। एक तो यह कह दिया कि मुझमें तो कोविड जैसे लक्षण लगने लगे हैं। उसके इतना कहते ही वहां हडकंप सा मच गया। कुछ लोगों ने तो रुमाल नाक, मुंह में बांधा लिया तो कुछ ने मास्क पहन लिया। बात जब तक चेयरपर्सन को समझ में आती तब तक पूरा हाल ही खाली हो चुका था।

**सीएम की चुप्पी भी राज :** संसद में दिल्ली सेवा बिल पास होने के बाद से सरकार के मुखिया की आवाज में खनक कुछ कम होती दिख रही है। हालांकि सोशल मीडिया पर उपस्थिति तो दिख रही है, लेकिन आवाज में अब खनक नहीं है। जबकि राजधानी में बीते कुछ दिनों में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली एक गंभीर समस्या बन गयी है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं है। सीएम और मंत्री चुप्पी साधे हुए हैं। सीएम को जानने वाले मानते है कि इसके पीछे भी कोई राज जरूर है। सरकार के मुखिया एक नए झूठ के साथ अचानक सामने आकर पूरा ठीकरा एलजी पर फोड़ देंगे। अब अधिकारी नहीं सुनते। अधिकारियों की मनमानी की वजह से यह सारी दिक्कत दिल्ली के लोगों को हो रही हैं।

**सब भगवान भरोसे है :** जहां पहले दो साल से ज्यादा कार्यकाल तक थाने में प्रभारी नहीं टिक सकता वहां कई ऐसे थाना प्रभारी अभी भी पद पर कायम है, जिनके दो साल पूरे हो चुके है। ऐसे में तैनाती की बाट जोह रहे उन जैसे दूसरे इंस्पेक्टर स्तर के कर्मियों की चिंता है कि यदि इसी तरह सिस्टम चलता रहा तो उनका नंबर कब आएगा। एक ऐसे ही कर्मी की टिप्पणी थी कि थाना प्रभारी के पद को लेकर पहली बार मारामारी नहीं है, भाई सब भगवान भरोसे है।

**प्रस्तुति : बंजारा**